# यूपी में 4000 करोड़ का निवेश करेगा हीरो समूह

**लखनऊ।** दोपहिया वाहन बनाने वाली दिग्गज कंपनी हीरो अब यूपी में हरित ऊर्जा व स्वच्छ प्रौद्योगिकी परियोजनाओं में 4000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस संबंध में दावोस (स्विट्जरलैंड) में चल रहे विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से कृषि उत्पादन आयुक्त व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और हीरो फ्यूचर एनर्जीज के अध्यक्ष राहुल मुंजाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

वर्तमान में हीरो फ्यूचर एनर्जीज की भारत और यूरोप में पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा एवं रूफटॉप सौर ऊर्जा उत्पादन की तीन गीगावाट की पावरग्रिड लगी है। भारत, वियतनाम, बांग्लादेश और यूनाइटेड किंगडम में भी कंपनी की दो गीगावाट की अन्य परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने एचसीएल टेक्नोलॉजी, यूनिलीवर, नेस्ले, माइक्रोसॉफ्ट और रीन्यू आदि कंपनियों के अधिकारियों से भी मुलाकात की। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर कल्याण कुमार ने लखनऊ में अपनी कंपनी के उत्पादन क्षेत्र में विस्तार पर बात की। अभी लखनऊ में 100 एकड़ के विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में एचसीएल आईटी सिटी के अंतर्गत एचसीएल की एक परियोजना पहले से ही चल रही है। प्रतिनिधिमंडल ने माइक्रोसॉफ्ट के प्रबंध निदेशक (इंडस्ट्री रिसर्च) रणवीर चंद्रा से मुलाकात कर आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब स्थापित करने की संभावना पर चर्चा की। मनोज कुमार सिंह की नेस्ले ग्लोबल के अध्यक्ष पॉल बुल्के के साथ भी बैठक हुई, जिसमें राज्य में नेस्ले का एक प्लांट स्थापित करने की संभावना पर विचार किया गया। ब्यूरो

**नेस्ले ने भी प्रदेश में प्लांट लगाने की तलाशी संभावना**